प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 10.10.2025

- ❖ **जनपदीय पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध पटाखा विक्रय करने वाले 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार ।**
- ❖ **अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 48.9 कि0ग्रा0 अवैध पटाखे बरामद किये गये ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अवैध रूप से पटाखों के भण्डारण एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 10.10.2025 को थाना मूसानगर पुलिस व थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान दुकानदारों से पटाखा बिक्री का वैध लाइसेंस तलब किया गया, जांच में यह पाया गया कि पटाखा दुकानों के दुकानदार पटाखा बिक्री का कोई भी वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाए। लाइसेंस न होने के कारण उनके द्वारा की जा रही पटाखों की बिक्री पूर्ण रूप से अवैध पाई गई। थाना मूसानगर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 03 अभियुक्तों **1.** शकील पुत्र रसीद खां निवासी मोहल्ला फत्तेपुर वार्ड न0 7 कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को **11 कि0ग्रा0 अवैध पटाखा 2.** आसिफ पुत्र रुवाब खां निवासी मोहल्ला फत्तेपुर वार्ड न0 07 कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को **12.500 कि0ग्रा0 अवैध पटाखा 3.** वसीम अहमद पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी मोहल्ला फत्तेपुर वार्ड न0 07 कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को **13 कि0ग्रा0 अवैध पटाखों** के साथ सब्जी मण्डी कस्बा मूसानगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मूसानगर पर **1. मु0अ0सं0**- 87/2025 धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम बनाम शकील, **2. मु0अ0सं0-** 88/2025 धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम बनाम आसिफ व **3.मु0अ0सं0**-89/2025 धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम बनाम वसीम अहमद पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त दिनेश पाल पुत्र छम्मी लाल पाल निवासी इन्द्रानगर कस्बा पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को 12 किलो 400 ग्राम अवैध पटाखों के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 345/2025 धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम बनाम दिनेश पाल पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. शकील पुत्र रसीद खां निवासी मोहल्ला फत्तेपुर वार्ड न0 7 कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात
2. आसिफ पुत्र रुवाब खां निवासी मोहल्ला फत्तेपुर वार्ड न0 07 कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात
3. वसीम अहमद पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी मोहल्ला फत्तेपुर वार्ड न0 07 कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात
4. दिनेश पाल पुत्र छम्मी लाल पाल निवासी इन्द्रानगर कस्बा पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात

बरमदगी का विवरण-

कुल 48.9 कि0ग्रा0 अवैध पटाखे (अभियुक्त शकील के कब्जे से11 कि0ग्रा0, अभियुक्त आसिफ के कब्जे से12.500 कि0ग्रा0, अभियुक्त वसीम अहमद के कब्जे से 13 कि0ग्रा0, अभियुक्त दिनेश के कब्जे से 12 किलो 400 ग्राम)